Bareilly, Friday,
20 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00/-
Pages 10

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, BOTTOM

राष्ट्रीय टेबल टेनिस के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

बरेली : उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ व खेल निदेशालय की ओर से जिले में विशेष प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। 87वीं जूनियर अंडर-19 एवं यूथ-17 राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप 22 फरवरी से दो मार्च तक देहरादून में होगी। वहीं, सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 14 से 21 मार्च 2026 तक इंदौर और कैडेट, सब-जूनियर एवं हाप्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप 23 से 31 मार्च तक गांधीधाम में प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश टीम के 26 पुरुष एवं 24 महिलाओं समेत कुल 50 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 14 से 20 फरवरी तक श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा के निर्देशन में चल रहा है। बुधवार को क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने शिविर का निरीक्षण कर खिलाड़ियों को किट वितरित कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, कोच आदि मौजूद रहे। वि.